हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



since 1993

# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

30 Years Legacy | Expert Faculty | Digital Support | Small Batch Size

One To One Mentoring | Quality Study Material | Regular Test Series | Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers

with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

**ADMISSIONS OPEN** For Session 2024-25

# CAREER POINT

**BHILAI CENTRE**

For Details Call: 90399-57770, 90399-57771 | Mail: bhilai@cpuniverse.in

Add: 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota | 080-40246443 | www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### तीरंदाजी का पावर हाउस बन उभर रहा है एनटीपीसी

**कोरबा।** देश धीरे-धीरे तीरंदाजी में पावर हाउस के रूप में उभर रहा है। देश के कई आदिम जनजाति जैसे पहाड़ी कोरवा एवं दिहाड़ी कोरवा सहित सुदूर वनांचलों में निवास करते हैं, जिनका तीरंदाजी पारम्परिक खेल है। इसलिए एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा तीरंदाजी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। जिसके अनुपालन में तीरंदाजी प्रतिभा खोज शिविर का आयोजन जिले के 4 स्थान ग्राम देवपहरी, अजगरबहार, गढ़-उपरोड़ा एवं सोनपुरी में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज प्रशिक्षक भरत यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त चारों स्थानों में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण के पश्चात कुशल व प्रतिभावान खिलाड़ियों को देवपहरी में आवासीय तीरंदाजी शिविर में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है जिससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सके। इसमें शारीरिक क्षमता बने हेतु व्यायाम, तीरंदाजी प्रशिक्षण आदि का आयोजन कराया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम 5 माह के लिए आयोजित किया गया है। इस दौरान नोडल अधिकारी अनुपम मिश्र ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एनटीपीसी कोरबा सीएसआर के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर हर्षित ठाकुर बैडमिंटन मे और किरण पिसदा महिला फूटबाल में अंतराष्ट्रीय स्तर पर कोरबा का नाम रोशन कर रहा है।

### स्थानीय युवाओं के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा बढ़ावा



**कोरबा।** बालको ने अपने परियोजना कनेक्ट के तहत 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और लेखा (सेमा) विषयों के सत्र पर केंद्रित था जिसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक अभ्यास के माध्यम से उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य में करियर चुनाव के लिए तैयार करना था। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारे सामुदायिक विकास प्रयासों में प्रमुख स्तंभ है। गुणवत्तापूर्ण और व्यावसायिक शिक्षा के साथ हमारे युवा छत्तीसगढ़ और भारत के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कंपनी की परियोजनाओं के माध्यम से हमारा लक्ष्य स्थानीय युवाओं के बीच कौशल विकास के अवसरों तथा व्यावसायिक शिक्षा बढ़ावा देना जिससे उन्हें रोजगार योग्य कौशल सीखने के अवसर प्राप्त हों। शासकीय स्कूल गोढ़ी के प्राचार्य रिनी दुबे ने कहा कि बालको छात्रों के लिए सीखने का अनुकूल माहौल बनाने में हमारी मदद कर रहा है जो बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम में कुल 140 छात्रों ने पंजीकृत किया था। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेषज्ञों द्वारा करियर परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया जिससे छात्रों को करियर के विभिन्न क्षेत्रों और उनके महत्व के विषय को जानने में मदद मिली। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया जिसके माध्यम से भविष्य में उन्हें करियर चुनने के विकल्प में मदद मिल सके। शिविर के माध्यम से छात्रों के भीतर संगठनात्मक और टीम बिल्डिंग कौशल को बढ़ावा दिया गया जो यह सुनिश्चित करती हैं कि वे टीम के वातावरण में बेहतर ढंग से कार्य करें। इसके साथ-साथ अग्नि सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

### सात दिवसीय विशेष शिविर में शामिल हुए विधायक प्रेमचंद पटेल



**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मुरली के प्राथमिक शाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। इस दौरान श्री पटेल का फुलमाला व बुके से स्वागत किया गया। श्री पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के छात्र छात्राओं, एनएसएस प्रभारी एवं ग्रामवासियों को आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, पूर्व युवा आयोग सदस्य रघुराज उइके, सरपंच राजमति दशरथ सिंह कंवर, विदेशी कंवर, तुंगन पटेल, सानिध्य सोलंकी, दिलीप पटेल,मंडल मंत्री सांई मन्नू राठौर,हरीश चौबे, प्राचार्य लखन लाल बंजारे, मनोज चौबे, दुर्गेश मरावी, मनीष पटेल, अनिल पटेल, आनंद राम श्याम,कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र कुमार नायक सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहें।

## विद्युत कंपनी को उठानी पड़ रही आर्थिक क्षति

# डीएसपीएम संयंत्र की जगह गोढ़ी राखड़ डेम से राख उठा रहे ट्रांसपोर्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम विद्युत संयंत्र से उत्सर्जित राख को सायलो से लोड करने का ठेका लेकर ट्रांसपोर्टर गोढ़ी ऐश डेम से राख उठा रहे है। अधिकारियों की मेहरबानी से ठेकेदार की वजह से विद्युत प्रबंधन कंपनी को करोड़ों का चपत लग रही है।

**खास बात**

- खदान की जगह सड़क पर फेंका जा रहहा राख


फाइल फोटो

**बिना रिवाइज के उठा रहे राख**

राख परिवहन के अनुबंध में डीएमपीएम साइलो से मानिकपुर का ठेका है, लेकिन गोढ़ी से उठाकर राखड़ को जहां तहां सड़क पर डंप किया जा रहा है। इससे एक और नियम और एग्रीमेंट का उल्लंघन किया जा रहा तो दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की इस कवायद को प्रदूषण फैलाने का किफायती खेल बना लिया गया है।

मामला राख से रकम बढ़ाने का है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों से उत्सर्जित राख अधिकारी और ट्रांसपोर्टर के लिए कमाई का जरिया बन गया है। राख के इस खेल में सीएसईबी के अफसर और ठेकेदार लाल है। ये बात अलग है कि शहर के लोग जगह जगह राख डंपिंग से परेशान हैं। राख परिवहन से रकम बढ़ाने का ताजा मामला गोढ़ी ऐश डेम का है। ट्रांसपोर्टर द्वारा राख उठाने सायलो का ठेका लिया है लेकिन गोढ़ी राखड डेम से राख उठाया जा रहा है। ये खेल बाकायदा ईई के सुपर विजन में हो रहा है। फायदे के लिए कायदे को भुलाकर कर ट्रांसपोर्टर को लाभ देने का खेल पूरे शबाब पर है। पर्यावरण के लिए मुसीबत बन रहे राखड़ के उचित निपटान के साथ खोखली जमीन को भरने के दोहरे लाभ के बीच कुछ खास लोग अपना अलग धंधा चोखा करने में लगे हैं। बात बिजली संयंत्र की चल रही है, जिसके डीएसपीएम सायलो से राखड़ उठाकर परिवहन का ठेका दिया गया है। अनुबंध के अनुसार इस साइलो से राखड उठाकर उसे मानिकपुर खुली खदान में डंप करना है, ताकि उसमें राख भरकर खोखली होती जमीन के आधार को एक ओर धीरे धीरे मजबूत करने की कोशिश की जा सके तो दूसरी ओर रखड़ के प्रदूषण की विकराल समस्या को नियंत्रित किया जा सके। पर अनुबंध के विपरीत ठेकेदार अपनी बचत के लिए एसडीपीएम की बजाय गोढ़ी से राख उठा रहा है।

**प्रतिट्रिप 12 सौ की बचत**

इस परिवहन ठेके में मानिकपुर माइंस में डंप करने का एग्रीमेंट है पर साइलो की बजाय गोढ़ी से राख उठाया जा रहा है और मानिकपुर की बजाय सड़कों फेंक रहे हैं। इस तरह गंभीर पर्यावरणीय संकट उत्पन्न करने के साथ ठेकेदार बचत कर अपनी जेब तो भर रहे हैं पर इस तरह शासन को भी चपत लगाई जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि इस परिवहन ठेके में कार्यपालन अभियंता भी पार्टनर हैं। यानी जिनके जिम्मे इस तरह की मनमानी और गड़बड़ी को रोकने का जिम्मा है, उन्हीं की शह पर ही यह चोखा गोरख कारोबार बेधड़क संचालित किया जा रहा है।

## श्रीलंका से पहुंची चरण पादुका का शहर में हुआ स्वागत


चरण पादुका का स्वागत करते भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीलंका से अयोध्या के लिए निकाली गई रामराज्य युवा यात्रा का जिले में भव्य स्वागत किया गया। 15 दिसंबर को श्रीलंका से शुरू हुई यात्रा 22 जनवरी को अयोध्या में पूर्ण होगी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के जन्मभूमि स्थल पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिव्यतम बनाने के सिलसिले में बजरंग दल एवं राम भक्तों द्वारा श्रीलंका से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र की चरण पादुका एवं वहां की मिट्टी लेकर जिले में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल के साथ ही चरण पादुका का कोरबा के विभिन्न मंदिरों में स्वागत किया गया। इसी क्रम में राम-जानकी मंदिर बुधवारी में राजपूत समाज के लोगों ने भी उनका स्वागत करते हुए उन्हें सीतामणी तक पहुंचाकर कर अगले गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक आरके सिंह, उमाशंकर सिंह, ठा. अवधेश सिंह, विजय सिंह, मुकेश सिंह, छन्नू सिंह, ठा.बच्चू सिंह, ठा. श्रेष्ठ सिंह, जितेंद्र सिंह लाला, ठा. मंटू सिंह, यू.के.सिंह मामा, प्रभात सिंह, चंद्रहास सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, संदीप सिंह, राजेंद्र सिंह के द्वारा रामचरण पादुका का स्वागत मंदिर के पुजारी आचार्य कमलेश्वर उपाध्याय के मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, बजरंग दल के मार्गदर्शक ठा.नरेश सिंह एवं धर्मसेना के सुरेंद्र बहादुर सिंह आदि भी शामिल थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के अटल बिहारी वाजपेयी ओपन रोवर क्रू द्वारा स्व. संतोष श्रीवास की पुण्य स्मृति में आज कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक पर स्थित रैन बसेरा में विशाल

**खास बात**

- अटल बिहारी वाजपेयी ओपन रोवर क्रू ने किया आयोजन


रक्तदान शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सक एवं अन्य।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही शिविर में निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण भी अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया गया। सबसे बड़ी बात की इस आयोजन पर संस्था द्वारा मुख्य अतिथि बतौर नगर पालिका में कार्यरत वरिष्ठ महिला सफाई कर्मी श्रीमती इंदिरा बाई को बनाया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ इंदिरा बाई के हांथो फीता काटकर व स्व. संतोष श्रीवास के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अटल बिहारी बाजपेयी ओपन रोवर क्रू संस्था के मेंबर अमित धृतलहरे ने बताया कि माननीय अटल बिहारी बाजपेयी ओपन रोवर क्रू के स्व. संतोष श्रीवास द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। 200 यूनिट के लक्ष्य के साथ हम सिकलिंग व थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों की सहायता कर सके यही उद्देश्य के साथ यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने एक सफाई कर्मी को मुख्य अतिथि बनाये जाने पर कहा कि बड़े लोगो का सभी सम्मान करते हैं लेकिन नीचे स्तर को सम्मान देने हमने एक सफाई कर्मी इंदिरा बाई को मुख्य अतिथि बनाकर सम्मान करने की पहल की है। अमित धृतलहरे ने बताया कि इस शिविर में एकता ब्लड बैंक बिलासपुर का विशेष सहयोग मिला साथ ही शिविर में अनुभवी डॉक्टरों डॉ योगेंद्र पहारे, डॉ अभिलेश केसरवानी, डॉ आकांक्षा गुप्ता तथा डॉ एस के गिदवानी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ संबंधी परामर्श दिया गया। रक्तदान शिविर में अटल बिहारी बाजपेयी ओपन रोवर क्रू के मेंबर अमित धृतलहरें, राहुल नायडू, राम नायक, आशीष उपाध्याय, अमन पांडेय, दीनदयाल गुप्ता, प्रकाश रजक, अखिलेश मिरि दीपक विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कलयुग के दोषों को दूर करती है भागवत कथा : ललित वल्लभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


भागवत कथा में उपस्थित श्रोता।

भागवत कथा कल्पवृक्ष है, श्रीमद् भागवत महापुराण पुराणों में तिलक है, यह कलयुग के दोष को इस प्रकार दूर करता है जैसे सिंह की गर्जना सुनकर भेड़िया भाग जाते हैं। इसी प्रकार भागवत कथा कलयुग के दोसों को दूर करती है। श्रीमद् भागवत परमहंसों की संहिता है, यह वैष्णव जनों का धन है, श्रीमद् भागवत मोक्ष प्रदान करने वाली है,धुंधकारी जैसे महा पापी का भी उद्धार हुआ।

उक्त बातें आचार्य श्रीहित ललित वल्लभ महाराज ने रविशंकर शुक्ल नगर चिल्ड्रन पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कही। भागवत प्रवक्ता श्रीहित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ा ही हर्ष का विषय है कि नववर्ष के प्रारंभ में आपके नगर में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई है। जब हमारे जन्म जन्मांतरों के पुण्य का उदय होता है तब तब हमें कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। महाराज जी ने बताया कि भागवत भगवान कृष्ण की शब्दमयी प्रतिमा है। जीव को सदा ही भगवान के चरित्रों का श्रवण सदा ही करना चाहिए। महाराज जी ने बताया कि भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य जब वृद्धावस्था को प्राप्त हो गए तब श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से युवावस्था को प्राप्त हुए हुए कथा से एक दिन पूर्व भव्य कलश यात्रा कपिलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई ,अपार जन समूह उपस्थित रहा बड़े ही हर्ष उल्लास व गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल चिल्ड्रन पार्क पर पहुंची।

## राइस मिलर एसोसिएशन के सदस्यों ने उद्योग मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राइस मिलर एसोसियेशन अध्यक्ष शिवकुमार वैष्णव अपनी मिलर के सदस्यों के साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से उनके निवास में पहुंचकर मुलाकात कर मिलर के समस्यायों से अवगत कराया। इस अवसर पर राइस मिलर एसोसियेशन संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष शिव कुमार वैष्णव, उपाधक्ष गोविंद मोदी, कोषाध्यक्ष विकाश बंसल, सचिव अमित अग्रवाल, सदस्य श्यामलाल गोयल, दीपक अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, रिंकु आग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रिंस जायसवाल, कृष्णकुमार अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विकास अग्रवाल, बबलू जसवाल आदि उपस्थित थे।

## रामराज्य युवा समिति के सदस्यों के द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा रामराज्य युवा यात्रा श्रीलंका से अयोध्या जाने निकली है। यह यात्रा 25 दिसंबर से 20 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने अयोध्या धाम पहुंचेगी। इसमें भगवान राम के लिए चांदी के खड़ाहूं और वहां की मिट्टी भी साथ में थी। कोरबा में पहुचने पर रामराज्य युवा समिति के सदस्यों के द्वारा भव्य यात्रा निकाली गई, यात्रा में स्वागत के लिए भाजपा नेता रजनीश देवांगन सम्मिलित होकर राम राज्य यात्रा का स्वागत किए। रामजानकी मंदिर बुधवारी में पूजा अर्चना की गई। यहां लोगों ने खड़ाहूँ का दर्शन किया। कोरबा जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि करोड़ों भक्तों को उनके सपने को साकार कर केंद्र की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया। जनवरी माह में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन भव्य दीप उत्सव का कार्यक्रम होगा। पूरा कोरबा जिला सहित देश प्रदेश दीप उत्सव से जगमगाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अगवाई कर रहे रामराज्य समिति के अध्यक्ष रामावतार युवा पत्रकार प्रदोष सुरेश चौहान, संजय कुमवंशी, दुर्गेश राठौर आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 3 का शेष

### कलेक्टर ने...

निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने कहा कि भारी वाहनों के कारण यातायात का दबाव और इसके कारण जाम न लगे, इसका ध्यान रखा जाएं। भारी वाहनों के कारण आमजनों को परेशानी न हो और दुर्घटना की स्थिति न बने इसका भी विशेष ध्यान रखते हुए ट्रैफिक प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खदान से कोयला लेकर निकलने वाले भारी वाहनों का संचालन निर्धारित रूट से ही करने के निर्देश दिए। वहीं भारी वाहनों के शहर के भीतर प्रवेश मार्गों एवं निकासी प्वाइंट का अवलोकन कर यातायात व्यवस्था बेहतर व सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्य मार्गों पर वाहनों को बेतरतीब ढंग से पार्किंग नहीं होना चाहिए ताकि अनावश्यक रूप से यातायात बाधित न हो। जिले से बाहर जाने वाली भारी वाहनों को शहर के आउटर से ही आवागमन की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वमंगला मंदिर के आगे बन रहे सड़क निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### छेड़छाड़ के आरोपी...

की बालिकाओं के लिए सरकार ने बालिका आश्रम की सुविधा दे रखी है जहां पर दूरदराज से वास्ता रखने वाली बालिकाओं को आवास सुविधा देने के साथ उन्हें स्थानीय विद्यालय में शिक्षा का लाभ मिल रहा है। कुछ छात्राओं के द्वारा आश्रम अधीक्षिका की जानकारी में यह बात लाई गई थी कि विद्यालय के हेडमास्टर संदीप अग्रवाल की ओर से मानसिक प्रताडन्ना के साथ छेड़छाड़ की गई। मामला गंभीर था इसलिए अधीक्षिका के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया। आनन-फानन में एक टीम मौके पर भेजी गई जिसने पीड़ितों से बातचीत की। रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने हेडमास्टर को सेवा आचरण संहिता के तहत निलंबित कर कार्यालय अटैच कर दिया है। आदेश में कहा गया कि हेडमास्टर का उक्त कृत्य पूर्णतः गैर जिम्मेदाराना है जिससे मर्यादाएं टूटती हैं। विभाग की ओर से प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी भेजी गई थी जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त के द्वारा आश्रम की अधीक्षिका को निर्देशित किया गया है कि दोषी हेडमास्टर के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए।

### जर्जर भवनों...

स्कूल नए भवन में लगाए जा रहे हैं, लेकिन खेल-कूद की छुट्टी में बच्चे खंडहर भवनों की ओर नहीं जाएं, इसे लेकर कोई ठोस इंतजाम न के बराबर है। जिले के विभिन्न विकासखंडों समेत कई ऐसे कई पुराने स्कूल भवन मौजूद हैं, जो खंडहर हो जाने के कारण उपयोगहीन घोषित हैं। पर उन्हें ढहाने के लिए अब तक कोई ठोस कवायद नहीं की जा सकी है। विभाग के अनुसार जर्जर भवनों को ढहाने के लिए भी अलग से राशि का प्रावधान नहीं होता। पुराने भवनों के उपयोगहीन करार दिए जाने के बाद कई जगह जो नए भवन बने, वह भी उनके पास या मैदान में बनाए गए हैं। ऐसे में बच्चे कई बार खेलते खेलते पुराने भवन के पास चले जाते हैं। हालांकि शिक्षक बच्चों की ओर नजर बनाए रहते हैं, पर कई बार बच्चे पुराने भवनों की भी चले जाते हैं। इसे लेकर अभिभावक बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विभाग की ओर से स्कूल के मैदान में ही नए भवन बनाए गए हैं और पुराने भवन पहले से ही थे। एक ही मैदान में दो स्कूल का भवन होने से खेल का मैदान भी सिमटते जा रहे हैं।

## निधन

### ज़ुलैख़ा शेखानी



**कोरबा।** इस्माइल शू पैलेस के संचालक एवं मेमन जमात के वरिष्ठ हाजी इस्माईल भाई शेखानी की धर्मपत्नी हाजयानी ज़ुलैख़ा शेखानी का (85 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। वे हाजी इक़बाल भाई शेखानी, वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी मोहम्मद यासीन भाई शेखानी, हाजी मोहम्मद जुनैद, भाई शेखानी, हाजी मोहम्मद अमीन भाई शेखानी और हाजी गुलाम मुहम्मद की वालिदा (मॉ) थी। इनके ज़नाज़े की नमाज़ बाद नमाज़े-मग़रिब कोरबा कब्रिस्तान में शाम 4 बजे अदा की गयी। इस मेक पर बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## कोरबा मार्केट




**न्यायालय तहसीलदार दर्री, जिला कोरबा ( छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं -202401053900001
श्रेणी-अ-6/2023-24
ग्रामः-डोडकधरी प.ह.नं. 13
तहसील दर्री, जिला-कोरबा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका रूबी चक्रवर्ती पति प्रदीप चक्रवर्ती साकिन कोरबा तहसील व जिला-कोरबा छ.ग. ने ग्राम डोडकधरी स्थित भूमि ख0न0 43/2 रकबा 0.202 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन दिनांक 20.12.2022 के माध्यम से क्रय उपरांत क्रयशुदा भूमि को क्रेतागण के नाम पर दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.01.2024 के पूर्व स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**दर्री**



हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जमीन मिलने के बाद भी कॉलोनी के प्रस्ताव पर अब तक नहीं लगी मुहर



## खबर संक्षेप

### विद्युत उत्पादन कंपनी के एमडी कटियार का दो दिवसीय प्रवास



**कोरबा।** विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार जिले प्रवास पर हैं। श्री कटियार शनिवार की दोपहर 12 बजे डीएसपीएम संयंत्र पहुंचे। 1 बजे तक संयंत्र निरीक्षण के बाद 2 बजे तक समीक्षा बैठक में शामिल हुए। दोपहर भोजन करने के बाद शाम 3.30 से 4.30 बजे तक एचटीपीपी 210 मेगावाट संयंत्र का निरीक्षण करने के बाद 5.30 बजे तक 500 मेगावाट विस्तार परियोजना का दौरा कर अधिकारियों की बैठक ली। एचटीपीपी में रात्रि विश्राम के बाद 7 जनवरी को सुबह 10 बजे से एचटीपीपी व डीएसपीएम का राखड़ बांध का जायजा लेंगे। इसके बाद 3.30 बजे से दोनों संयंत्रों की कालोनी, हास्पिटल का निरीक्षण करेंगे। रात्रि विश्राम एचटीपीपी में करने के पश्चात 8 जनवरी को रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। सूत्रों के अनुसार 6 जनवरी को एचटीपीपी व 7 जनवरी को कोरबा पूर्व में आयोजित आनंद मेला में भी शामिल होंगे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज का कटघोरा आगमन आज



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं बस्तर लोकसभा सांसद दीपक बैज 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे कटघोरा पहुचेंगे। उन्होंने बताया कि हसदेव अरण्य क्षेत्र के प्रभावित ग्राम परसा, केते एवं हरिहरपुर के ग्राम वासियों से मुलाकात व चर्चा करने तथा खदान क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन हो रहा है। 7 जनवरी को प्रातः 7.30 बजे रायपुर से प्रस्थान कर सिमगा, बिलासपुर होते हुए प्रातः 11 बजे कटघोरा पहुंचेंगे और यहां से चोटिया, मोरगा, डाडगांव होते हुए परसा-केते व हरिहरपुर पहुचेंगे जहां वे ग्रामवासियों से चर्चा करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधिगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल सहित समस्त कांग्रेस विभाग व प्रकोष्ठो के पदाधिकारियों को 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे कटघोरा बस स्टेण्ड के पास पहुंचने आग्रह किया है। जहां प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का स्वागत करने के पश्चात उनके साथ हसदेव अरण्य क्षेत्र के प्रभावित ग्राम वासियों से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### डीएवी स्कूल गेवरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**दीपका।** डीएवी स्कूल एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट का वार्षिकोत्सव सीनियर रिक्रिएशन क्लब गेवरा में आयोजित की गई। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मिडिल स्तर के छात्र छात्राओं ने हैरत अंगेज डांस ड्रामा का प्रदर्शन किया। आध्यात्मिकता, कला एवं संस्कृति का संगम मंच पर देखने को मिला। जगन्नाथ मंदिर की झांकी ओडिशा, पंजाब, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों सहित सूफियाना एवम छत्तीसगढ़ी बिहाव का जीवंत प्रदर्शन डांस ड्रामा के माध्यम से करके डीएवी गेवरा ने महानगरीय प्रयोग किया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या मंजू अग्रवाल ने विद्यालय का प्रतिवेदन पढ़ा । शत प्रतिशत अंक हासिल करने वालों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जेसीसी सदस्य और प्रेस क्लब के सदस्य मंचस्थ थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गेवरा जीएमएस के मोहंती श्रीमती मोहंती एवं नॉमिनी चेयरमैन जीएम माइनिंग मयंक वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# जलेश्वर महादेव स्थल ट्रेकिंग अब लोगों के लिए बन रहा आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के जंगलों व पहाड़ों में कई ऐसे स्थल हैं जो ट्रेकिंग के लिए अपनी पहचान बना चुके हैं। चैतुरगढ़ की पहाड़ी से लेकर नरसिंग गंगा का पहाड़, बेला पहाड़ के अलावा कोरकोमा शंकर गुफा के साथ अग सतरेंगा मार्ग में स्थिल जलेश्वर महादेव के आसपास का स्थल भी ट्रेकिंग के लिए लोगों का आकर्षण का केन्द्र बन रहा है।

पहाड़ों व झरनों के आसपास ट्रेकिंग के लिए कार्य करने वाली यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की कोरबा इकाई ने जिले में ही कई ऐसे स्थल का चयन किया है जहां इकाई द्वारा लगातार सर्दी के मौसम में ट्रेकिंग अभियान चलाया जाता है। जिले के पहाड़ों में ऐसे कई स्थान हैं जिनका पौराणिक रूप से भी महत्व है और पर्यटन के क्षेत्र में भी पहचाने जाते हैं। कोरबा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित इस ट्रेकिंग स्थल की विशेष पहचान जलेश्वर महादेव के रूप में बनी हुई है। मंदिर के किनारे लाम पहाड़ से निकली नदी बहती है जिसे ग्रामीण इस स्थल के पास से गुजरने के कारण इसे शिव धारा कहने लगे हैं। नदी के दूसरी ओर ऊंची पहाड़ी स्थित है। एक ओर पहाड़ और दूसरी ओर महादेव का मंदिर इनके बीच से नदी के प्रवाह को ही शिवधारा के रूप में पहचान दिलाई जार ही है। पहाड़ के ऊपर एक गुफा मौजूद है जिसे आसपास के ग्रामीण शेर गुफा के नाम से पहचानते हैं। उक्त गुफा में अब जंगली जानवरों का वास रहता है। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा उक्त स्थल पर मकर संक्रांति के दिन ट्रेकिंग की तैयार की है। जिसमें शहर के लोगों को भी जोड़ा जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस ट्रेकिंग अभियान में जुड़कर जिले के जंगलों में स्थित ट्रेकिंग स्थल को पहचान सकें और इसे पर्यटन के रूप में भी पहचाना जा सके।

### नदी का किनारा और पहाड़ में स्थित शेर गुफा है ट्रेकिंग स्थल

**खास बातें**

- यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने बनाई है कार्य योजना
- आसपास के जंगलों में पहाड़ी झरने व नालों का है उद्गम स्थल



**पहाड़ी में तीन किमी. की ट्रेकिंग**

लाम पहाड़ से निकली नदी में दो किलोमीटर की ट्रेकिंग फिलहाल पहले चरण में की जाएगी। इसके अलावा पहाड़ में स्थित शेर गुफा तक जिसकल लंबाई नदी से 3 किलोमीटर होती है। दोनों ही स्थल में ट्रेकिंग का एक अलग ही मजा लोगों को आएगा। पर्यटन की दृष्टि से नदी के दोनों ओर घने जंगल और पहाड़ स्थित है जिसमें पहली मर्तबा ट्रेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। अब तक एसोसिएशन के द्वारा कई स्थलों में ट्रेकिंग की जा चुकी है।

### 10 लघु जलाशयों को मरम्मत की है दरकार

# लघु सिंचाई योजनाओं से ग्राम पंचायतों को मिलने लगा पानी



रबी के फसल की तैयारी में तैयार होने लगे खेत।



रजगामार बांध का बाघमाड़ा जलाशय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के असिंचित क्षेत्रों की फसल को सिंचित करने के लिए बड़े बांधों से पानी नहीं मिलने के कारण सिंचाई विभाग की लघु सिंचाई योजनाओं से ही असिंचित क्षेत्र को सिंचित किया जा रहा है। जिले में विभाग की 40 लघु सिंचाई योजनाएं संचालित है। इसमें 30 लघु सिंचाई योजनाओं से खेतों को पानी मिल रहा है। वहीं 10 लघु जलाशयों के छोटी नहर को मरम्मत की दरकार बनी हुई है।

सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए सिंचाई विभाग अपनी ओर से योजनाओं का प्रस्ताव राज्य शासन को हमेशा भेजते आ रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण अंचलों से क्षेत्रीय दौरे के दौरान मिले प्रस्ताव भी शामिल है। कुल 40 लघु योजनाओं पर काम पूर्ण होने के बाद अब खेती के रकबे को सिंचित करने की दिशा में कार्य शुरू हो चुका है। अब तक बांगो बांध से निकलने वाली दायीं तट व बाई तट नहर से ही खेतों को पानी मिलते आ रहा है, वह भी पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा को ज्यादा मिलता है। अंचल के खेतों के हसदेव बांगो परियोजना सके अपेक्षाकृत अभी भी पानी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में लघु सिंचाई योजनाएं ग्रामीण अंचलों के उन क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होती है जहां जलाशयों की छोटी नहर से पानी पहुंचाया जाता है। ऐसे जलाशयों में मछली पालन के साथ-साथ खरीफ की फसल में पानी उपलब्ध हो जाता है। वहीं कुछ जलाशय ऐसे हैं जिसमें रबी की फसल के लिए भी पानी उपलब्ध होने लगा है। बीते वर्ष बांगो जलाशय से 3 हजार 375 हेक्टेयर सिंचित हुआ था। इस वर्ष बारिश कम होने से 2 हजार 111 हेक्टेयर का क्षेत्र ही सिंचित हो सका है। ऐसी स्थिति में लघु सिंचाई योजनाओं से किसानों को एक बड़ी राहत मिल रही है।

**खास बात**

- सिंचाई विभाग के लघु सिंचाई योजना के तहत नहरों का होगा विस्तार

**मदनपुर, मूनगाडीह जलाशय बड़े जलस्रोत**

जिले के हसदेव बांगो बांध के अलावा सतरेंगा जल क्षेत्र, मूनंगाडीह-पाली, मदनपुर जलाशय एक बड़े जलस्रोत है, जिसे खेतों को पानी मिल रहा है। सतरेंगा बांगो डूबान जल संग्रहण में आता है। यहां से भी कुछ किसान अपने परंपरागत तरीके से पानी का उपयोग सिंचाई के लिए करते हैं। हालांकि विभाग ने सतरेंगा जलस्रोत से छोटी नहर का निर्माण नहीं किया है। लिहाजा ग्रामीण अपने तरीके से पानी का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा पाली ब्लॉक के मूनगाडीह व कोरबा ब्लॉक के मदनपुर जलाशय एक बड़े जलस्रोत रहे। सिंचाई विभाग के द्वारा इन बड़े जलाशयों से सिंचाई के लिए खेतों को पानी देते हैं।

**बाघमाड़ा जलाशय के भी पानी का उपयोग**

रजगामार ग्राम पंचायत से लगे बाघमाड़ा बांध क्षेत्र का सबसे बड़ा जलस्रोत है। यहां से पानी खेतों के लिए ग्रामीणों की मेहन से ही मिल रहा है। वन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से सिंचाई विभाग ने यहां नहर निर्माण के प्रस्तावित कार्य पर रोक लगी हुई है। ग्रामीणों ने अपनी मेहनत से बाघमाड़ा जलाशय से छोटी नाली बनाकर पानी अपने-अपने खेतों में लाए हैं। लघु सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत बाघमाड़ा जलाशय भी आता है, परंतु विभाग की योजना यहां सफल नहीं हो पा रही है। वनों से अच्छादित होने के कारण नहरों के निर्माण से वन संपदा को बड़ी संख्या में नुकसान होगा, जिसे देखते हुए नहरों के निर्माण में लोक लगी हुई है।

# कलेक्टर ने शहर की यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



यातायात का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर अजीत वसंत व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शनिवार को शहर के विभिन्न मार्गों व चौक-चौराहों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर अजती वसंत ने अधिकारियों से शहर में भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम वाले स्थानों की जानकारी लेते हुए सीएसईबी चौक, सर्वमंगला तिराहा, सर्वमंगला-कनकी मार्ग, राताखार मार्ग, मेजर ध्यानचंद चौक, परसाभाठा चौक और रिस्दी चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी प्वांइट्स से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- सीएसईबी, बालको-रिस्दी व सर्वमंगला मार्ग सहित अन्य चौक चौराहों का किया निरीक्षण
- यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**इनटेक वेल का किया अवलोकन**

कलेक्टर अजीत वसंत ने गेरवाघाट में अमृत मिशन योजना अंतर्गत निर्मित इनटेक वेल का अवलोकन किया। गेरवाघाट स्थित इस इनटेक वेल में पंपिंग के माध्यम से हसदेव नदी का रॉ वॉटर लेकर कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (29 एमएलडी) तक पहुंचाया जाता है। यहां से जल उपचारित कर अमृत मिशन योजना पार्ट-2 दर्री, सर्वमंगला, बांकी-मोंगरा क्षेत्र के लिए सप्लाई की जाती है। इसके अलावा कलेक्टर ने इनटेक वेल के पास ही नहर में क्रास रेगूलर गेट के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गेरवाघाट मार्ग को पंपहाउस से जोड़ने वाली निर्माणधीन नहर मार्ग का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ग्राम घरीपखना के प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में दो छात्राओं ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगया था। अधीक्षिका की शिकायत पर आदिवासी विकास विभाग कोरबा ने एक जांच टीम गठित कर इस मामले की जांच कराई थी। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर शिक्षक को निलंबित किया गया था। अब उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के घरीपखना स्थित विद्यालय के प्रधान पाठक की मुश्किलें बढ़ गई है। बालिका आश्रम की छात्राओं से कथित तौर पर छेड़छाड़ प्रकरण में जांच के बाद शिक्षा विभाग ने उसे निलंबित कर दिया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में यह मामला प्रकाश में आया था। जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के घरीपखना में अनुसूचित जनजाति वर्ग ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- आदिवासी छात्रावास की दो छात्राओं ने शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़.का आरोप
- जांच के बाद दोषी पाए जाने पर शिक्षक को किया गया निलंबित

# जर्जर भवनों को ढहाने में विभाग नहीं दिखा रहा संजीदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में कई शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल हैं, जिन्हें अनुपयोगी करार दे दिया गया है। स्थिति यह है कि बारिश के दिनों में भवन के छत से आए दिन प्लास्टर गिरते रहे हैं। पर उन्हें पूरी तरह ढहाकर चिंतामुक्त होने की कवायद अब तक अधूरी है। जिले के कई स्कूलों के पुराने भवन के दीवार भी गिरने के कगार पर है। ऐसे में शिक्षक और अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हालांकि ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- स्कूल भवन के उपर चढ़कर खेलते हैं बच्चे

### प्रतिवर्ष 40 मिलियन टन से अधिक होगा कोयला प्रेषण

# एसईसीएल में शुरु होंगी चार एफएमसी परियोजना, डिस्पैच की बढ़ेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस साल एसईसीएल कोयला परिवहन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। डिस्पैच को रफ्तार देने के लिए साइलो का निर्माण किया जाएगा। दीपका व कुसमुंडा के अलावा बरौद और छाल में इसकी शुरुआत हो जाएगी।कोयला मंत्रालय ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत पर्यावरण हितैषी परियोजनाओं की शुरुआत की है। रोड के जरिए कोयले का परिवहन कम करने के लिए रेल लाइन बिछाई जा रही है। वहीं मैन्युअली लोडर मशीन से कोयला लोड करने के बजाय साइलो का निर्माण किया जा रहा है।

कोयला उद्योग में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एसईसीएल द्वारा किए जा रहे प्रयासों में इस वर्ष और बल मिलेगा और कंपनी द्वारा इस वर्ष 4 एफएमसी परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। एसईसीएल के दीपका क्षेत्र में दीपका साइलो, रायगढ़ क्षेत्र में छाल एवं बरौद सीएचपी तथा कुसमुंडा क्षेत्र में कुसमुंडा सेंट्रल इन-पिट कन्वेयर की शुरुआत की जाएगी। लगभग 1200 करोड़ से अधिक की लागत से बनी इन परियोजनाओं की मदद से प्रति वर्ष कुल 40 मिलियन टन से अधिक कोयला प्रेषण करने में मदद मिलेगी। दीपका साइलो (दीपका क्षेत्र) की क्षमता 25 एमटी और लागत 211 करोड़ है। यहां 3000 टन क्षमता के दो आरसीसी साइलो, 20000 टन क्षमता का एक आरसीसी बंकर, 4500-8500 टन प्रति घंटा क्षमता का रैपिड लोडिंग सिस्टम होगा। वहीं छाल सीएचपी में क्षमता 6 एमटी और लागत 173 करोड़ है। छाल में 3000 टन क्षमता का एक आरसीसी साइलो, 10000 टन क्षमता का एक आरसीसी बंकर और 4500-8500 टन प्रति घंटा क्षमता का रैपिड लोडिंग सिस्टम होगा। जबकि बरौद में सीएचपी क्षमता 10 एमटी और लागत 216 करोड़ है। यहां पर 4000 टन क्षमता का एक आरसीसी साइलो, 20000 टन क्षमता का एक आरसीसी बंकर और 5000-7500 टन प्रति घंटा क्षमता का रैपिड लोडिंग सिस्टम शुरू होगा। कुसमुंडा सेंट्रल इन-पिट कन्वेयर की लागत 544 करोड़ है। यहां पर 40000 टन क्षमता के 2 आरसीसी बंकर, कुल 10 किमी लंबाई के दो कन्वेयर बेल्ट होंगे। एसईसीएल की गेवरा खदान 50 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन कर देश की सबसे बड़ी खदान बन गई है। यह वर्ष 2023 में एसईसीएल की बड़ी उपलब्धियों में एक से है। अब इस वर्ष कंपनी का उद्देश्य गेवरा को एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनाने का है। कंपनी खदान विस्तार योजना के तहत गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता को 70 मिलियन टन करने के लिए पर्यावरण स्वीकृति हासिल करने के लिए प्रयास कर रही है। इस वर्ष इन प्रयासों की सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है।

**खास बात**

- लगभग 12 सौ करोड़ की आएगी लागत, फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत हो रहा निर्माण

**बरौद की क्षमता भी बढ़ेगी**

फिलहाल एसईसीएल ने बरौद की क्षमता बढ़ाने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मांगी है। यह आवेदन लंबित है। छाल और बरौद में साइलो बन जाने से कोयले का डिस्पैच तेज हो जाएगा। इसके बाद रैक से 75 प्रश तक कोयला भेजा जा सकेगा। रोड परिवहन बेहद कम हो जाएगा। इससे प्रदूषण भी कम होने की उम्मीद है।

### स्कूली बच्चों को गणवेश का किया वितरण

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय चैतमा में छात्र-छात्राओं को गणवेश का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम उपसरपंच सुकालू प्रजापति उपस्थित थे। इस अवसर पर उपसरपंच श्री प्रजापति ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए एवं उन्हें सुविधा दिलाने के लिए शासन की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। बच्चे इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं, स्कूल बच्चों को बताया गया कि शासन द्वारा आने वाले समय में निःशुल्क सायकल सभी वर्ग के बच्चों को दिया जाएगा। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं सहित शालिनी सिंह, देवानंद कीर्तन आदि समस्त स्टाफ व नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### रोजगार सहायक को हटाने सौंपा गया ज्ञापन

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा जनपद के बांगो पंचायत में इन दिनों रोजगार सहायक के कार्यप्रणाली को लेकर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश भडक़ उठा है। रोजगार सहायक पर कभी भ्रष्ट कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं तो कभी दुर्व्यवहार को लेकर शिकायत हो रही है। लंबे अरसे से बांगो पंचायत में कार्यरत रोजगार सहायक पर मनमानी का आरोप लगाया गया है। पंचायत कार्य में गड़बड़ी करने के साथ-साथ ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करना भी इनके लिए आम बात है, पंचो ने बताया कि ग्राम सभा कि बैठक में ना ही उसकी उपस्थिति होती है ना ही पंचायत के कार्य कि जानकारी दी जाती है। फर्जी तरीके से रोजगार गारंटी में हाजरी भरने के साथ-साथ पंचायत फंड से अपना निजी कार्य भी कराया जाता है। इसकी जानकारी पंचो को भी नहीं दी जाती। इन समस्त मामलो से तंग आकर जनपद सीईओ से रोजगार सहायक को बांगो पंचायत से हटाने की मांग कि जा रही है।

### स्वर्ण पदक विजेता राजेश ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में साउथ एशियन थाईबॉक्सिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता राजेश कुमार ने मुलाकात की। राजेश कुमार ने बताया कि नेपाल के काठमांडू में 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान को मिलाकर लगभग 4 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण पदक सहित कुल 9 पदक हासिल किए। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी और लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान आरपीआई के छत्तीसगढ़ प्रभारी अभिषेक वर्मा, दीपक प्रसाद और मनीष सचदेव मौजूद थे।

### स्वच्छता अभियान के बीच चिमनीभट्टा में गंदगी की स्थिति, लोग परेशान

**कोरबा।** हर क्षेत्र को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अभियान पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही जागरूकता को लेकर काम जारी है। इसके ठीक उल्टे नगर निगम के वार्ड क्रमांक 12 के चिमनीभट्टा क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अस्वच्छता की स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। कुआंभट्ठा और दूसरे इलाके से बहकर आने वाला गंदा पानी इसी रास्ते से होकर आगे पहुंचता है। इसके लिए एक बड़े नाले का निर्माण कराया गया है। चिमनीभट्ठा से होकर गंदा पानी आगे पहुंचाने की व्यवस्था कराई गई है। आवासीय क्षेत्र में इस नाले के एक हिस्से को कवर्ड किया गया है और बड़ा भाग खुले छोड़ दिया गया है। ऐसे में उठने वाली दुर्गंध से लोगों को परेशानियों का सामना पड़ रहा है।

## हाउसिंग बोर्ड विस्तार योजना के तहत बननी थी कॉलोनी

# जमीन मिलने के बाद भी कॉलोनी के प्रस्ताव पर अब तक नहीं लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाउसिंग बोर्ड द्वारा शहर से लगे ग्रामों में अपने कॉलोनी विस्तार योजना अंतर्गत निम्न आय व मध्यम वर्गों के लिए कॉलोनियों का निर्माण करते आ रहा है। अब तक उसके द्वारा खरमोरा, रामपुर, दादर, झगरहा में कॉलोनी का निर्माण किया जा चुका है। विस्तार योजना को आगे बढ़ाते हुए बोर्ड ने जिला जेल के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के बगल में रिक्त पड़े लगभग 7 एकड़ के भूखंड का आबंटन प्राप्त कर लिया है, किंतु कॉलोनी के निर्माण पर मुहर नहीं लगी सकी है।

**खास बात**

- खरमोरा क्षेत्र में कालोनी का लगातार हो रहा विस्तार

शहर में किराए के मकानों की बढ़ती मांग के मद्देनजर हाउसिंग बोर्ड ने अपनी कॉलोनी योजना अंतर्गत सैकड़ों आवासों का निर्माण विभिन्न चरणों में कर चुका है लगातार अपनी विस्तार योजना को मूर्तरूप देने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में उसके द्वारा खरमोरा क्षेत्र में रिक्त पड़े भूखंड को कॉलोनी के निर्माण हेतु आबंटित करने हेतु शासन से पत्र व्यवहार किया था। इस बारे में बताया जाता है कि बोर्ड को उक्त भूखंड आबंटित कर दिया है और अब कॉलोनी निर्माण के लिए उसके द्वारा बजट तैयार कर शासन को भेजा गया है। परंतु अभी तक उस पर मुहर नहीं लग सकी है। लगभग 300 आवास उक्त भूखंड में बनाया जाना है। जिसके लिए अभी निविदा की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। सत्ता बदलने के बाद एक बार फिर उस प्रक्रिया को पूरी करने में लंबा समय लगने की जानकारी सामने आ रही है। विभागीय अधिकारी कॉलोनी के निर्माण के संबंध में कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। कॉलोनी को लेकर विभाग के द्वारा अपने स्तर पर स्मरण पत्र भी भेजा गया है। बताया जाता है कि अक्टूबर में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण किसी भी तरह की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। अगर खरमोरा में नई कॉलोनी का निर्माण होगा तो लगभग 600 आवास के कॉलोनी जेल के पीछे तैयार हो जाएगी।



फाइल फोटो

**इन क्षेत्रों में बन चुकी है बोर्ड की कॉलोनियां**

ग्राम रामपुर, ग्राम झगरहा, ग्राम दादर, उरगा, सेमीपाली, बरबसपुर, कटघोरा तहसील भांठा, शामिल है। इसके अलावा खरमोरा में बोर्ड के द्वारा तीन चरणों में कॉलोनी का निर्माण किया गया है। पहले स्टेप में खरमोरा इंडस्ट्रीयल एरिया में कॉलोनी बनाई गई थी। दूसरे चरण में खरमोरा में ही जेल के पीछे कॉलोनी का निर्माण हुआ और तीसरे चरण में खरमोरा में ही पार्किंग युक्त कॉलोनी का निर्माण किया जा चुका है। चौथे चरण में खरमोरा में ही कॉलोनी विस्तार के तहत आवासीय कॉलोनी निर्माण का प्रस्ताव लंबित है। इसकी अनुमति मिलते ही खरमोरा क्षेत्र में सबसे अधिक आवासों का निर्माण हाउसिंग बोर्ड द्वारा किया जा सकेगा।

## अब तक 91 कोल ब्लॉक की हुई नीलामी, 6 खदानें उत्पादन में आई



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय द्वारा तीन साल पहले शुरू की गई वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के तहत अब तक 91 खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। इन आवंटित खदानों में से 6 वाणिज्यिक खदानों ने पहले ही कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है और अन्य तीन खदानों से आने वाले कुछ महीनों में कोयला उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

कोयला मंत्रालय ने बताया कि नीलामी के लिए चार राज्यों की 31 कोयला खदानों की पेशकश करते हुए, नीलामी का 9वां दौर हाल ही में दिसंबर 2023 में शुरू किया गया था। झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना राज्यों की कोयला/लिग्नाइट खदानों की नीलामी के नौवें दौर में सम्मिलित है। कोयला मंत्रालय ने 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पूर्णतः पारदर्शी ऑनलाइन नीलामी के तहत अब तक नीलामी के सात दौर सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। उत्पादन 220.90 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) के कुल पीक रेट क्षमता स्तर पर उत्पादन को देखते हुए, नीलाम की गई खदानों से कोयला खनन के माध्यम से 33,343 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। एक बार जब ये खदानें पूरी तरह से परिचालित हो जाएंगी, तो इनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। वाणिज्यिक कोयला खनन से देश में नया निवेश आने की संभावना है और नीलामी से प्राप्त संपूर्ण राजस्व झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, बिहार और असम के कोयले वाले राज्यों को आवंटित किया जाएगा।

## सोमवार को दफ्तर में बैठेंगे अधिकारी, नागरिकों की सुनेंगे समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार के दिन सभी जिला अधिकारियों को अपने दफ्तर में बैठकर कार्यालयीन कार्य करते हुए आमनागरिकों की समस्याओं को सुनने और पेंशन, अनुकम्पा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोमवार के दिन निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाए। साथ ही विभिन्न विभागों में अनुकम्पा और पेंशन संबंधी प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निराकरण हो। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सोमवार को अति आवश्यक स्थिति में ही फील्ड पर निरीक्षण कार्य पर जाएं। लेकिन सप्ताह में 2-3 दिन आवश्यक रूप से फील्ड पर जाकर विभागीय कार्यों का निरीक्षण करें। उन्होंने विभागीय कार्यों के समीक्षा के लिए भी निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी अपने विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता से सुनिश्चित करें और समीक्षा बैठक में विस्तृत जानकारी के साथ प्रस्तुत हों।

**खास बात**

- पेंशन और अनुकंपा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अधिकारी मुख्यालय में रहकर करें कार्य**

कलेक्टर ने सभी सचिव व पटवारियों को सोमवार सहित न्यूनतम 2-3 दिवस अपने मुख्यालय में उपस्थित रह कर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को भी सप्ताह में 3 दिन फील्ड पर जाकर शासकीय कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

**स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए झगरहा स्थित आईटी कोरबा कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संपूर्ण स्थल के सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ होने के दौरान सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग जीआर जांगड़े सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मतपेटी, ईव्हीएम वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज का स्टॉफ मिला उद्योग मंत्री से, रखी शासकीयकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईटी कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी शनिवार को कॉलेज के शासकीय करण प्रस्ताव को लेकर मंत्री लखनलाल देवांगन के पास पहुंचे। विगत तीन चार वर्षों से कॉलेज के स्टाफ दर बदर हो रहे हैं। शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे है। कभी वेतन की समस्या, तो कभी शासकीय करण न होने की। औद्योगिक संस्थानो (बाल्को, लैंको) ने भी वायदे पूरे नहीं किए, जो राशि इन संस्थानों द्वारा आईटी कोरबा को मिलने थे वो अप्राप्त है।

वित्तीय संकटों से जूझ रहा कॉलेज न्याय की तलाश में है। जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो गयी पर एक शासकीय तकनीकी कॉलेज जिले को प्राप्त नहीं हो पाया है। इसे जिले का दुर्भाग्य कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद एक भी शासकीय इन्जीनियरिंग तकनीकी कॉलेज की स्थापना जिले में नहीं की गयी है। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान सन 1983 में एक ही शासकीय कॉलेज की स्थापना हुई है। वर्तमान में मात्र 3 शासकीय इन्जीनियरिंग कॉलेज हैं। प्रवेश के दौरान छात्र छात्रायें शासकीय महाविद्यालयों को पहले प्राथमिकता देते हैं। बाद में निजी कॉलेज। कोरबा जिला, आदिवासी बहुल अंचल क्षेत्र है। यदि यहाँ शासकीय इंजीनियरिंग तकनीकी कॉलेज उपलब्ध हो जाये, तो शत प्रतिशत प्रवेश प्रक्रिया में वृद्धि होगी।



उद्योग मंत्री श्री देवांगन को ज्ञापन सौंपते आईटी कॉलेज के स्टॉफ।

## अलग-अलग हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग अलग दो घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं नवापारा में कुल्हाड़ी में हमले से घायल ग्रामीण की अस्पताल में सांसें थम गई। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। उरगा थानांतर्गत लालमाटी निवासी राजेश यादव उम्र 31 पिता पनकूलाल यादव सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। इसी तरह लेमरू थानांतर्गत 16 वर्षीय किशोर सुमित कुमार पिता घुरसाय भी हादसे में घायल हो गया था। घायल सुमित कुमार की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। उधर बांगो थाना क्षेत्र के नवापारा में 3 जनवरी को पारिवारिक विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से हमला करने पर घायल हुए 55 वर्षीय पहलवान सिंह ने रायपुर के अस्पताल में अंतिम सांस ली। पहलवान सिंह पर बसंत सिंह उम्र 50 वर्ष ने कुल्हाड़ी से हमला किया था, इसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

## विकसित भारत शिविर में आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम सिंघाली व विजयपुर में, जनपद पंचायत करतला के भेलवागुड़ी, सीधापाठ व खरहरकुड़ा में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा जनपद पंचायत के ग्राम कटकोना, केरवां, ढेंगुरडीह में, पोड़ी उपरोड़ा जनपद के घोंसरा, जामकछार, गडरा में तथा विकासखंड पाली के ग्राम निरधी व सिल्ली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं आम नागरिक।

### मासिक बैठक संपन्न

**हरदीबाजार।** नोडल केंद्र अंतर्गत संकुल केंद्र बोईदा, सराईपाली और सिरली का मासिक बैठक संकुल केंद्र बोईदा में आयोजित किया गया। बैठक में केश बुक संधारण, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, स्कूल की रंग रोगन, स्वच्छता, माह दिसंबर एवं जनवरी की चर्चा पत्र पर चर्चा, नोडल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आदि कई बिंदुओं पर चर्चा व निर्णय लिया गया। बैठक में नोडल प्राचार्य लखनलाल बंजारे,प्रधान पाठक व छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सदस्य उपस्थित थे।




## एसईसीएल व एलिम्को के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा सीएसआर मद के तहत दिव्यांगजनों हेतु बिलासपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सूरजपुर, कोरिया व सरगुजा तथा मध्यप्रदेश के अनूपपुर, शहडोल व उमरिया में कुल 1004 मोटराईज्ड ट्राईसाईकल एवं 341 सुगम्य केन का वितरण किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन एलिम्को द्वारा सम्बंधित जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त योजना के तहत प्रथम चरण में दिव्यांगजनों का परिक्षण शिविर का लगाकर लाभार्थियों का चयन किया जाना है एवं द्वितीय चरण में, मोटराईज्ड ट्राईसाईकल एवं सुगम्य केन का वितरण किया जाएगा। अभी तक बिलासपुर जिला, छत्तीसगढ़ एवं अनूपपुर जिला, मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों के परिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। 8 से 12 जनवरी तक जिला-शहडोल, मध्य प्रदेश में परिक्षण शिविर का आयोजन होना है। उक्त कार्य के क्रियान्वयन हेतु एसईसीएल एवं एलिम्को के मध्य एमओयू 5 जनवरी को हस्ताक्षर किया गया। एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) देवाशीष आचार्या की उपस्थिति में महाप्रबंधक (सीएसआर) रत्नेश कुमार श्रीवास्तव एवं एलिम्को के नितिन माहोर, प्रबंधक (विपणन) द्वारा एमओयू हस्ताक्षर किया गया। उक्त कार्यक्रम में एसईसीएल सीएसआर विभाग के मुख्य प्रबंधक चन्द्र कुमार पाठक सहित अन्य पदाधिकारी तथा एलिम्को के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- दिव्यांगों को मोटराईज्ड ट्राईसाईकल एवं केन वितरित







